भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1479

जिसका उत्तर 15.12.2022 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना

1479. श्री शिशिर कुमार अधिकारी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्ष 2021-22 तक तटीय और पत्तन संपर्क सहित भारतमाला परियोजना चरण-1 के अंतर्गत 24,800 किलोमीटर सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य वर्ष 2026 तक विलंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत में भी 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश में आर्थिक गलियारे और तटीय पत्तन संपर्क सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) 5.35 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली भारतमाला परियोजना चरण- । जिसमें 24,800 किमी सड़कों की विभिन्न श्रेणिया और अपशिष्ट एनएचडीपी परियोजनाओं का लगभग 10,000 कि.मी. शामिल हैं, को मंजूरी दी गई है। अभी तक लगभग 23,500 कि.मी. सौंप दिया गया है और लगभग 11,400 कि.मी. पूरा हो चुका है। शेष परियोजनाओं को वितीय वर्ष 2024-25 तक सौंपे जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(ग) भारतमाला परियोजना के चरण-। के तहत नियोजित आर्थिक गलियारों और तटीय और बंदरगाह संर्पकता सड़कों की स्थिति निम्नानुसार है: -

गलियारों का वर्गीकरण	बीएम के चरण- । के तहत लंबाई (किमी)	सौंपी गई लंबाई	निर्मित लंबाई (किमी)
आर्थिक गलियारें	12,002	7,029	3,019
तटीय एवं पत्तन संपर्क सड़कों	1,079	269	90

******